# POLICE COMMISSIONERATE

# GAUTAM BUDH NAGAR

## सराहनीय कार्य/ प्रेस विज्ञप्ति - दिनाकं 04.08.2022

**#नीदरलैंड देश में आयोजित किये गये वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स में बैडमिंटन खेल में ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त कर उत्तर प्रदेश पुलिस व देश का नाम रोशन करने वाले कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में नियुक्त कांस्टेबल गगन कुमार पासवान को पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह द्वारा मोमेंटो, प्रशस्ति-पत्र व नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।**

नीदरलैंड में आयोजित किये गये वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स में बैडमिंटन खेल में ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त कर उत्तर प्रदेश पुलिस व देश का नाम रोशन करने वाले कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में नियुक्त कांस्टेबल गगन कुमार पासवान को पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह द्वारा आज दिनांक 04/08/2022 को अपने कार्यालय में मोमेंटो, प्रशस्ति-पत्र व नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पुलिस कमिश्नर द्वारा उनकी प्रतिभा को सराहते हुए उन्हे उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई और आगे भी इसी तरह देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया गया।

नीदरलैंड देश में दिनांक 22/07/2022 से दिनांक 31/07/2022 तक वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स का आयोजन किया गया था जिसमें 70 देशों से आये पुलिसकर्मियों द्वारा 50 से अधिक खेलो में प्रतिभाग किया गया था। पुलिस लाइन, गौतमबुद्धनगर में नियुक्त 2011 बैच के कांस्टेबल गगन कुमार पासवान द्वारा बैडमिंटन डबल्स खेल में भाग लिया गया था उनके जोडीदार न्यूजीलैंड पुलिस में नियुक्त भारतीय मूल के सुनिल दहिया थे। दोनों खिलाडियों द्वारा मलेशिया देश को हराकर ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया गया है। कांस्टेबल गगन कुमार पासवान मूल रूप से बिहार के रहने वाले है व इनके पिताजी भी उत्तर प्रदेश पुलिस में नियुक्त थे, अपनी पढ़ाई के समय से ही उनको बैडमिंटन खेल में रूचि थी। इनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि के कारण पूरे विश्व में देश के साथ-साथ उत्तर प्रदेश पुलिस का भी नाम रोशन हुआ है।

पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह द्वारा कांस्टेबल गगन कुमार पासवान को भविष्य में उनकी तैयारियों को लेकर ट्रेनिंग के लिए आश्वस्त किया गया है। इस मौके पर ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर लव कुमार, अपर पुलिस आयुक्त भारती सिंह, डीसीपी महिला सुरक्षा मीनाक्षी कात्यायन, डीसीपी मुख्यालय रामबदन सिंह, अपर पुलिस उपायुक्त नोएडा जोन आशुतोष द्विवेदी उपस्थित रहे। सम्मान कार्यक्रम के बाद विजेता खिलाड़ी के उपलक्ष में पुलिस लाइन गौतमबुद्धनगर में दोपहर के भोजन का आयोजन किया गया है।



**#पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर आलोक सिंह की अध्यक्षता, ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर लव कुमार के पर्यवेक्षण व डीसीपी क्राइम के नेतृत्व में NASSCOM व AKS IT सर्विसेज के सहयोग से साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने, लोगों को साइबर अपराधों के संबंध में जागरूक करने व साइबर फोरेंसिक विषयों के संबंध में पुलिस आयुक्त कार्यालय सेक्टर-108 के सभागार में पुलिसकर्मियों हेतु साइबर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

दिनांक 04/08/2022 को पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर आलोक सिंह की अध्यक्षता, ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर लव कुमार के पर्यवेक्षण व डीसीपी क्राइम के नेतृत्व में NASSCOM के पदाधिकारियों सुमबुल सलीम, यशवर्धन सिंह व AKS IT सर्विसेज की तरफ से आए विशेषज्ञों के सहयोग से साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने, लोगों को साइबर अपराधों के संबंध में जागरूक करने व साइबर फोरेंसिक विषयों के संबंध में पुलिस आयुक्त कार्यालय सेक्टर-108 के सभागार में पुलिसकर्मियों हेतु साइबर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में AKSIT सर्विसेज के प्रशिक्षकों कर्नल राजेश शर्मा, आदित्य बावेजा, रोबिन वर्मा व मनोज सिंह द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित पुलिसकर्मियों को साइबर अपराधों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई और अलग-अलग किस्म के साइबर अपराधों से निपटने के लिए सहायक टूल्स के बारे बताया गया। नष्ट किए गए डाटा की रिकवरी करने, डाटा सुरक्षित रखें, शिकायतकर्ताओं की समस्याओं के अविलम्ब निस्तारण, लोगों को अलग-अलग किस्म के फ्रॉड के संबंध में जागरूक करने व साइबर फोरेंसिक विषयों के बारे में प्रशिक्षण दिया गया।

इस मौके पर डीसीपी ग्रेटर नोएडा अभिषेक वर्मा, एडीसीपी क्राइम रणविजय सिंह, एसीपी क्राइम श्यामजीत सिंह व सभी थानों से आए लगभग 150 पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।



# दिनांक 04.08.2022 को पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर के निर्देशानुसार पुलिस उपायुक्त यातायात, गौतमबुद्धनगर द्वारा पुलिस उपायुक्त कार्यालय, सेक्टर-14ए में सभी यातायात निरीक्षक के साथ गोष्ठी की गयी तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरूद्ध प्रभावी प्रवर्तन की कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। नोएडा शहर निवासियों की सुविधा हेतु पेडिंग ई-चालान वाले ऐसे वाहन स्वामी/चालक जो कार्यालय/ऑनलाइन चालान जमा करने में किसी कारणवश असमर्थ है, वह यातायात पुलिस के हेल्पलाइन नम्बर 9971009001 पर सम्पर्क कर ई-चालान जमा करने हेतु सहायता प्राप्त कर सकते है। सहायता मांगे जाने पर ऐसे वाहन स्वामियों चालको के घर के पते पर यातायात पुलिस के अधिकारी/कर्मचारी को भेजकर चालान जुर्माने की धनराशि प्राप्त कर कार्यालय में जमा करने के बाद रसीद उपलब्ध करायी जायेगी।

पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर के निर्देशन में तथा पुलिस उपायुक्त यातायात के निकट प्रवेक्षण में आज यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाकर निम्नानुसार कार्यवाही की गयी।

1.अवैध रूप से वाहनों पर लगे प्रेशन हॉर्न/हूटर सायरन के कुल 67 ई-चालान किये गये।

2.आरटीओ कार्यालय सेक्टर-33 नोएडा पर नोपार्किंग में खड़े वाहनों को क्रेन द्वारा टो किया गया एवं कुल 178 वाहनों के ई-चालान किये गये।

3. विभिन्न यातायात नियमों के उल्लंघन में कुल 685 वाहनों के ई-चालान किये गये।

**1-थाना इकोटेक-3 पुलिस द्वारा घर में घुसकर चोरी करने वाला 01 चोर गिरफ्तार, कब्जे से 01 अंगूठी पीली धातु, 02 पाजेब सफेद धातु, 2600 रुपये नकद, दो मोबाइल फोन व अवैध चाकू बरामद।**

दिनांक 03.08.2022 को थाना इकोटेक-3 पुलिस द्वारा घर में घुसकर चोरी करने वाला 01 चोर आवेश पुत्र इस्लामुद्दीन निवासी मिहिर भोज स्कूल के समाने, जीटी रोड, स्थित कस्बा दादरी, थाना दादरी, गौतमबुद्धनगर को थाना क्षेत्र के हल्दौनी मोड़ से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से 01 अंगूठी पीली धातु, 02 पाजेब सफेद धातु, 2600 रुपये नकद, 02 मोबाइल फोन व 01 अवैध चाकू बरामद हुए है।

अभियुक्त द्वारा दिनांक 01/08/2022 की रात्री में ग्राम जलपुरा में वादी राशिद पुत्र खलीद निवासी राना सरिया वाली गली, ग्राम जलपुरा, थाना इकोटेक-3, गौतमबुद्धनगर के घर में घुसकर चोरी की थी जिसके सम्बन्ध थाना इकोटेक-3 पर मु0अ0सं0 318/22 धारा 380/457 भादवि पंजीकृत है।

**अभियुक्त का विवरणः**

आवेश पुत्र इस्लामुद्दीन निवासी मिहिर भोज स्कूल के समाने, जीटी रोड, स्थित कस्बा दादरी, थाना दादरी, गौतमबुद्धनगर।

**पंजीकृत अभियोग/आपराधिक इतिहास का विवरणः**

1.मु0अ0सं0 318/22 धारा 380/457/411 भादवि थाना इकोटेक-3, गौतमबुद्धनगर।

2.मु0अ0सं0 326/22 धारा 4/25 ए0 एक्ट थाना इकोटेक-3, गौतमबुद्धनगर।

3.मु0अ0सं0 114/22 धारा 60/63 आब0 एक्ट थाना कासना, गौतमबुद्धनगर।

4.मु0अ0सं0 521/19 धारा 380/411 भादवि थाना दादरी, गौतमबुद्धनगर।

5.मु0अ0सं0 495/20 धारा 379/411 भादवि थाना दादरी, गौतमबुद्धनगर।

6.मु0अ0सं0 122/21 धारा 380/457/411 भादवि थाना दादरी, गौतमबुद्धनगर।

7.मु0अ0सं0 998/21 धारा 60/63 आब0 अधि0 थाना बिसरख, गौतमबुद्धनगर।

**बरामदगी का विवरणः**

1.01 अंगूठी पीली धातु की

2.02पाजेब सफेद धातु ,

3.2600 रुपये नकद (चोरी किये हुये)

4.02 मोबाइल फोन चोरी के

5.01 अवैध चाकू



**2-थाना सूरजपुर पुलिस द्वारा चोरी के मोबाइल के साथ एक विदेशी नागरिक(नाईजीरियन) गिरफ्तार, कब्जे से चोरी के दो मोबाइल फोन बरामद।**

दिनांक 04.08.2022 को थाना सूरजपुर पुलिस द्वारा थाना सूरजपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 492/2022 धारा 380 भादवि0 से सम्बंधित एक अभियुक्त IWEKA PRECIOUS EHIEDY S/0 IWEKA निवासी 3 OTOBO STREET NIGERIA हाल पता- FLAT NO 1204 B TOWER ALESTONIA APPARTMENT PS SURAJPUR GAUTAMBUDHNAGAR को थाना क्षेत्र के भट्टा गोलचक्कर, ओमीक्रान-3, सर्विस रोड से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से 02 चोरी के मोबाइल फोन( 1.रियलमी-8 व 2.वन प्लस-8 रंग स्काई ब्लू) बरामद हुए है।

गिरफ्तार अभियुक्त एक शातिर किस्म का अपराधी(चोर) है जिसके द्वारा दिनांक 03.08.2022 को मुकदमा उपरोक्त के वादी सक्षम श्रीवास्तव पुत्र सन्तोष श्रीवास्तव निवासी-एलस्टोनिया अपार्टमेन्ट तथा उनके दोस्त अक्षत ईशान का मोबाइल उनके कमरे से चोरी किया गया था।

**अभियुक्त का विवरणः**

IWEKA PRECIOUS EHIEDY S/0 IWEKA निवासी 3 OTOBO STREET NIGERIA हाल पता- FLAT NO 1204 B TOWER ALESTONIA APPARTMENT PS SURAJPUR GAUTAMBUDHNAGAR

**पंजीकृत अभियोग का विवरणः**

मु0अ0सं0-492/2022 धारा 380/411 भादवि0 थाना सूरजपुर, गौतमबुद्धनगर।

**बरामदगी का विवरणः**

चोरी के 02 मोबाइल फोन



**3-थाना जेवर पुलिस द्वारा फर्जी बैनामे में अपनी झूठी गवाही देने वाले दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार।**

दिनांक 04/08/2022 को थाना जेवर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 506/2020 धारा 420/467/468/471 भादवि में वांछित 02 अभियुक्त 1.जान मोहम्मद पुत्र इन्साद खाँ निवासी ग्राम चूहडपुर बांगर, थाना दनकौर, गौतमबुद्धनगर 2.जाहिद पुत्र कमरूद्दीन उर्फ कम्मन निवासी ग्राम चूहडपुर बांगर, थाना दनकौर, गौतमबुद्धनगर को उनके निवास स्थान से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों द्वारा दिनांक 28/10/2022 को फर्जी बैनामे में अपनी झूठी गवाही दी गयी थी। जिसके सम्बन्ध में थाना जेवर पर मु0अ0सं0 506/2020 धारा 420/467/468/471 भादवि पंजीकृत है।

**अभियुक्तों का विवरणः**

1.जान मोहम्मद पुत्र इन्साद खाँ निवासी ग्राम चूहडपुर बांगर, थाना दनकौर, गौतमबुद्धनगर।

2.जाहिद पुत्र कमरूद्दीन उर्फ कम्मन निवासी ग्राम चूहडपुर बांगर, थाना दनकौर, गौतमबुद्धनगर।

**अभियोग का विवरणः**

मु0अ0सं0 506/2020 धारा 420/467/468/471 भादवि थाना जेवर, गौतमबुद्धनगर।



**4-थाना फेस-3 नोएडा पुलिस द्वारा लाईसेन्सी रिवाल्वर चोरी करने वाला 01 चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की गयी लाईसेन्सी रिवाल्वर बरामद।**

दिनांक 04.08.2022 को थाना फेस-3 नोएडा पुलिस द्वारा लाईसेन्सी रिवाल्वर चोरी करने वाला 01 चोर राहुल पुत्र बिजेन्द्र निवासी ग्राम नगोडा, थाना राया, जिला मथुरा वर्तमान पता-गली नं0-2, बॉलीबुड स्पाइस होटल ममूरा, सेक्टर-66, थाना फेस-3, गौतमबुद्धनगर को थाना क्षेत्र के ममूरा चौक टैम्पों स्टैन्ड से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से चोरी की गयी लाईसेन्सी रिवाल्वर बरामद की गई है।

**घटना का विवरणः**

वादी सत्यपाल यादव द्वारा थाना फेस-3 पर तहरीर दी गयी थी कि उनके होटल बालीबुड स्पाइस के कमरे की अलमारी से उसकी लाईसेन्सी रिवाल्वर को चोरी कर लिया गया है। तहरीर के आधार पर थाना फेस-3 पर मु0अ0सं0 384/22 धारा 380 भादवि पंजीकृत किया गया था। विवेचना के दौरान अभियुक्त को गिरफ्तार कर लाईसेन्सी रिवाल्वर को बरामद किया गया है।

**अभियुक्त का विवरणः**

राहुल पुत्र बिजेन्द्र निवासी ग्राम नगोडा, थाना राया, जिला मथुरा वर्तमान पता-गली नं0-2, बॉलीबुड स्पाइस होटल ममूरा, सेक्टर-66, थाना फेस-3, गौतमबुद्धनगर।

**पंजीकृत अभियोग का विवरणः**

मु0अ0सं0 384/22 धारा 380/411 भादवि थाना फेस-3, गौतमबुद्धनगर।

**बरामदगी का विवरणः**

चोरी की 01 रिवाल्वर लाईसेन्सी



**5-थाना फेस-2 नोएडा पुलिस द्वारा कम्पनी से चोरी करने वाला कर्मचारी गिरफ्तार, कब्जे से एक लेजर प्रिन्टर, दो मॉनिटर, दो सीपीयू, दो कीबार्ड, दो माउस, चार कलर इंक कारटेज, दो डिस्पले पैनल व कम्पयूटर की केबिल बरामद।**

दिनांक 04.08.2022 को थाना फेस-2 नोएडा पुलिस द्वारा कम्पनी में चोरी करने वाला कर्मचारी जितेन्द्र त्रिपाठी पुत्र शिवशंकर त्रिपाठी निवासी जैतपुर के गांव, गढी प्रतापपुरा, थाना बाह, जिला आगरा वर्तमान पता सेक्टर-107, थाना सेक्टर-39, गौतमबुद्वनगर को थाना क्षेत्र के सेक्टर-81 के पास गंदे नाले की पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से कम्पनी NEC WIRES AND CABLE से चोरी किये गये एक लेजर प्रिन्टर, दो मॉनिटर, दो सीपीयू, दो कीबार्ड, दो माउस, चार कलर इंक कारटेज, दो डिस्पले पैनल व कम्पयूटर की केबिल बरामद हुए है।

**अभियुक्त का विवरणः**

जितेन्द्र त्रिपाठी पुत्र शिवशंकर त्रिपाठी निवासी जैतपुर के गांव, गढी प्रतापपुरा, थाना बाह, जिला आगरा वर्तमान पता सेक्टर-107, थाना सेक्टर-39, गौतमबुद्वनगर।

**अभियोग का विवरणः**

मु0अ0सं0 266/22 धारा 381/411 भादवि थाना फेस-2, गौतमबुद्धनगर।

**बरामदगी का विवरणः**

1.एक लेजर प्रिन्टर,2.दो मॉनिटर ,3.दो सीपीयू ,4.दो कीबार्ड,5.दो माउस ,6.चार कलर इंक कारटेज,7.दो डिस्पले पैनल

8.कम्पयूटर की केबिल

